अंतरराष्ट्रीय
महिला दिवस

गया, रविवार
8.03.2020

प्रभात खबर

04

मगध कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना होली उत्सव

गया. मगध कॉलेज ऑफ एजुकेशन दुबहल, में शनिवार को 'होली उत्सव' समारोह का आयोजन किया गया. समारोह में एम.एड व बीएड के छात्र छात्राओं ने एक दूसरे को अबीर–गुलाल का तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी. कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम.एस. जमाल ने कहा कि यह त्योहार आपसी भाई–चारे का संदेश देने वाला त्योहार है. इसमें लोग आपसी मनमुटाव एवं रंजिश को भूलकर एक दूसरे को गले लगाते हैं. इस त्योहार में समाज को जोड़ने की क्षमता है. इस अवसर पर कॉलेज के सचिव संजीव कुमार ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं. इस मौके पर कॉलेज के छात्र–छात्राओं ने होली गीत गाया एवं अबीर–गुलाल से आपस में होली खेली. सभी ने इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया कि वे इस होली में ''पानी बचायेंगे, पानी व्यर्थ नहीं बहायेंगे''. कार्यक्रम की शुरुआत बीएड पाठ्यक्रम के छात्र प्रह्लाद कुमार एवं छात्रा निधि कुमारी ने होली गीत से किया. कार्यक्रम का समापन कॉलेज के एम.एड पाठ्यक्रम छात्र शंकर कुमार के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ. इस कार्यक्रम में एम.एड व बीएड विभाग के समस्त शिक्षकों ने आपस में रंग लगाया एवं सभी को होली की शुभकामनाएं दी.

1880 में अमेरिका-यूरोप में कमर्शियल टाइप राइटर आने के बाद दफ्तरों में महिलाओं को बतौर टाइप राइटर या पर्सनल असिस्टेंट रखा जाने लगा। उससे पहले दफ्तरों में महिलाएं काम नहीं करती थीं।

हिन्दुस्तान

• गया • रविवार • 08 मार्च 2020 •

04

मगध कॉलेज ऑफ एजुकेशन में होली मिलन पर उपस्थित छात्र-छात्राएं व शिक्षक।